नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 160/2020
Dt-31.12.2020

अपर मुख्य सचिव
पथ निर्माण विभाग
बिहार, पटना।

विषयः– मधुबनी जिला अन्तर्गत मेरे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र झंझारपुर स्थित झंझारपुर नगर पंचायत में रेलवे क्रॉसिंग पर ऊपरगामी सेतु (फ्लाई ओभर) बनवाने के संबंध में।

महाशय,

मेरे विधान सभा क्षेत्र झंझारपुर के अन्तर्गत अवस्थित नगर पंचायत के बीच से झंझारपुर से लौकहा जानेवाली छोटी रेल लाईन को भारत सरकार रेल मंत्रालय द्वारा बड़ी लाईन में अमान परिवर्तन का कार्य किया जा रहा है। N.H.-57 मोहना चौक से झंझारपुर जाने में रेलवे लाईन क्रॉसिंग पार करना पड़ता है।

N.H.-57 से झंझारपुर जानेवाली यह सड़क पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के अधीन आता है। आम–जनों को अनुमंडल कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, निबंधन कार्यालय, खेल मैदान, न्यायालय, अनुमंडल अस्पताल, बैंक, पुलिस कार्यालय, अग्निशामक कार्यालय, बाजार एवं हाट, महाविद्यालय एवं छोटे–बड़े कई विद्यालय एवं कई शिक्षण संस्थान रेलवे क्रॉसिंग को पार करके जाना पड़ता है। रात–दिन वाहनों के आने–जाने से रोड पर आवागमन के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।

N.H.-57 से झंझारपुर ज़ानेवाली यह सड़क पर भारी दबदबा होने के कारण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण निर्माण कार्य में भी परेशानिया होती है। जिसका शिलान्यास माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 5 जून 2020 को किये थे जिसका निर्माण कार्य प्रगति पर है। उस दृष्टिकोण से भी उपरोक्त सड़क रेलवे क्रॉसिंग ऊपरगामी सेतु (ओभर ब्रीज) का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि जनहीत में रेलवे क्रॉसिंग पर ऊपरगामी सेतु (ओभर ब्रीज) निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देना चाहेंगे।

नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra

(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com